भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 18
उत्तर देने की तारीख 29.01.2026

पीएम-जनमन का कार्यान्वयन

18. श्री प्रदीप पुरोहित:
श्री तापिर गावः
श्री पी. पी. चौधरी:
श्री भोजराज नाग:
डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:
क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के लिए पीएम-जनमन योजना के तहत पक्के घर निर्माण की ओडिशा, राजस्थान के पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और महाराष्ट्र के पालघर जिले सहित राज्यवार वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) इसके अंतर्गत स्वीकृत बहु-उद्देशीय केंद्रों की संख्या और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के साथ इनके आमेलन का ब्यौरा क्या है;

(ग) पीवीटीजी बस्तियों में पाइप से जलापूर्ति, विद्युतीकरण और सड़क संपर्क के कवरेज का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस योजना में भागीदारी वाले राज्यों में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है; और

(ङ) महाराष्ट्र के पालघर जिले और अन्य जनजातीय-बहुल जिलों में विशेषकर महिलाओं, जनजातीय परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए प्रभावी ढंग से अंत्यस्थल वितरण और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क): देश में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के लिए पीएम जनमन के तहत पक्के घर निर्माण की ओडिशा और महाराष्ट्र के पालघर जिले सहित राज्य-वार स्थिति अनुलग्नक-**I** में दी गई है। राज्य सरकार द्वारा एकत्रित डेटा के आधार पर, राजस्थान के सिर्फ़ बारां ज़िले में, जो पाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में नहीं आता, पीवीटीजी आबादी है।

(ख) और (ग) पीएम जनमन के तहत अभिसरित पाइप से जलापूर्ति, विद्युतीकरण, सड़क संपर्क और अन्य उपायों की प्रगति के साथ बहुउद्देश्यीय केंद्रों की प्रगति का ब्यौरा अनुलग्नक-**II** में दिया गया है।

(घ) पीएम जनमन के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों के साथ कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, राज्य सरकार को लागू जीएफआर के साथ-साथ एसएनए एसपीएआरएसएच के संबंध में व्यय विभाग के निर्देशों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके अलावा, पीएम जनमन के तहत कार्यों की प्रगति की निगरानी के लिए, पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर डिजिटल डैशबोर्ड विकसित किया गया है। मंत्रालयों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ निगरानी और समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परियोजना निगरानी इकाई भी स्थापित की गई है।

(ङ) राज्य सरकारों के साथ समन्वय में, महाराष्ट्र के पालघर जिले और अन्य जनजातीय बहुल जिलों सहित राज्यों में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान आयोजित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य जनजातियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता सृजित करना और पहुंच को सुदृढ़ करना तथा आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन धन बैंक खाते जैसे बुनियादी दस्तावेजों को भी तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है, जो विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। इन अभियानों ने मुख्य रूप से जनजातीय परिवारों को लक्षित किया है और संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को भी कवर किया है।

अनुलग्नक -I

"पीएम-जनमन का कार्यान्वयन" के संबंध में श्री प्रदीप पुरोहित, श्री तापिर गाव, श्री पी पी चौधरी, श्री भोजराज नाग और डॉ. हेमंत विष्णु सवरा द्वारा दिनांक 29.01.2026 को उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 18 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक ।

(i) पीएम जनमन के तहत पक्के घरों की राज्य-वार स्थिति (31.12.2025 तक)

क्र.सं.	राज्य का नाम	ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमएवाई-जी)	
		संस्वीकृत घर (संख्या)	पूर्ण घर (संख्या)
1	आंध्र प्रदेश	43554	6319
2	बिहार	985	0
3	छत्तीसगढ़	33243	17244
4	गुजरात	12725	7583
5	झारखंड	36326	8932
6	कर्नाटक	1084	71
7	केरल	1084	12
8	मध्य प्रदेश	185843	132383
9	महाराष्ट्र	54192	15236
10	मणिपुर	2145	0
11	ओडिशा	41145	27078
12	राजस्थान	22416	11411
13	तमिलनाडु	13132	5604
14	तेलंगाना	6569	0
15	त्रिपुरा	17211	16746
16	उत्तर प्रदेश	145	131
17	उत्तराखंड	2140	1624
कुल योग		473939	250374

(ii) महाराष्ट्र के पालघर जिले में पीएम जनमन योजना के तहत पक्के घरों की स्थिति (31.12.2025 तक)

क्र.सं.	राज्य का नाम	जिला	ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमएवाई-जी)	
			संस्वीकृत घर (संख्या)	पूर्ण घर (संख्या)
1	महाराष्ट्र	पालघर	10476	3006

अनुलग्नक -II

"पीएम-जनमन का कार्यान्वयन" के संबंध में श्री प्रदीप पुरोहित, श्री तापिर गाव, श्री पी पी चौधरी, श्री भोजराज नाग और डॉ. हेमंत विष्णु सवरा द्वारा दिनांक 29.01.2026 को उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 18 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक ।

पीएम जनमन के तहत प्रगति का विवरण 31.12.2025 तक (संबंधित मंत्रालयों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार):-

मंत्रालय का नाम	गतिविधि	मिशन लक्ष्य (2023-2026)	संस्वीकृति का विवरण	वास्तविक उपलब्धियाँ
ग्रामीण विकास मंत्रालय	पक्के मकानों का प्रावधान	4.90 लाख मकान	473939 मकान	250374 मकान पूर्ण
	संपर्क मार्ग	8000 किमी सड़क	7316.62 किमी सड़क	1196 किमी सड़क पूर्ण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सचल चिकित्सा इकाइयाँ	1000 एमएमयू (सभी को कवर करने के लिए 725 एमएमयू पर्याप्त)	750 एमएमयू	750 एमएमयू परिचालित
जल शक्ति मंत्रालय	पाइप से जल आपूर्ति	19375 गांव	18693 गांव	8199 गांव 100% संतृप्त
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं संचालन	2500	2500 आंगनवाड़ी केंद्र	2251 आंगनवाड़ी केंद्रों को संचालित किया गया।
शिक्षा मंत्रालय	छात्रावासों का निर्माण और संचालन	500	500 छात्रावास	8 पूर्ण
विद्युत मंत्रालय	अविद्युतीकृत आवासों का विद्युतीकरण	145083 आवास	145083 आवास	134995 विद्युतीकृत आवास
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	नई सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास	ऑफ-ग्रिड के लिए पात्र लाभार्थियों की पहचान के अनुसार	8823 आवास	6154 विद्युतीकृत आवास
संचार मंत्रालय	मोबाइल टावरों की स्थापना	4543 बस्तियों को कवर किया गया	4084 बस्तियों के कवरेज की योजना बनी	3006 बस्तियों को कवर किया गया
जनजातीय कार्य मंत्रालय	बहुउद्देशीय केंद्र	1000	1000 एमपीसी	375 पूर्ण
	वीडीवीके की स्थापना	500	539 वीडीवीके	450 वीडीवीके बिजनेस शुरू किया गया

*****